चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
Chaudhary Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : गोप0 / 2378 दिनांक : 18-03-26

अति आवश्यक / महत्वपूर्ण

विज्ञप्ति

विषय : बी0एड0 द्वितीय वर्ष–2026 की प्रयोगात्मक / मौखिक परीक्षायें मार्च माह के अन्तिम सप्ताह में आयोजित कराये जाने के सम्बन्ध में।

एतद्द्वारा विश्वविद्यालय से सम्बद्ध बी0एड0 महाविद्यालयों / संस्थानों के प्राचार्य / प्राचार्या एवं समस्त छात्र / छात्राओं को सूचित किया जाता है कि बी0एड0 द्वितीय वर्ष–2026 की प्रयोगात्मक / मौखिक परीक्षा मार्च माह के अन्तिम सप्ताह में आयोजित कराया जाना प्रस्तावित है।

इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि समस्त बी0एड0 महाविद्यालय / संस्थान मार्च माह के तृतीय सप्ताह तक बी0एड0 पाठ्यक्रम पूर्ण करा लें। विश्वविद्यालय द्वारा प्रस्तावित प्रयोगात्मक / मौखिक परीक्षा की तिथि से समस्त अध्ययनरत् छात्र / छात्राओं को अपने स्तर से भी अवगत कराना सुनिश्चित करें जिससे प्रयोगात्मक / मौखिक परीक्षा में सम्मिलित होने से कोई भी अर्ह छात्र / छात्रा वंचित न हो सके। उक्त के अतिरिक्त यह भी सूच्य है कि सैद्धान्तिक परीक्षा से पूर्व आन्तरिक परीक्षा के अंक अनिवार्य रूप से विश्वविद्यालय के पोर्टल पर अपलोड कर दिये जायें।

प्रस्तावित प्रयोगात्मक / मौखिक परीक्षा का महाविद्यालय / संस्थानवार कार्यक्रम अतिशीघ्र पृथक से विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाईट पर अपलोड किया जायेगा।

नोट :–1. एन0सी0टी0ई0 द्वारा निर्गत नियमावली के अनुसार बी0एड0 पाठ्यक्रम पूर्ण करने की अवधि अधिकतम 03 वर्ष है। तदोपरान्त उक्त पाठ्यक्रम में प्रवेश शून्य हो जायेगा।

2. ऐसे छात्र / छात्रा जिनके आन्तरिक अंक अपलोड नहीं किये जायेंगे उन्हें किसी भी दशा में प्रयोगात्मक / मौखिक परीक्षा में सम्मिलित नहीं किया जायेगा। किन्तु ऐसे छात्र / छात्रा छूटी हुई प्रयोगात्मक / मौखिक परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु अर्ह होंगे बशर्ते छूटी हुई प्रयोगात्मक / मौखिक परीक्षा से पूर्व छात्र / छात्रा के आन्तरिक परीक्षा के अंक पोर्टल पर अपलोड कर दिये गये हो। अन्यथा की स्थिति में पाठ्यक्रम पूर्ण करने की अवधि 03 वर्ष पूर्ण होते ही उसका प्रवेश स्वतः निरस्त हो जायेगा।

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि :–

1. सचिव, कुलपति को मा0 कुलपति महोदया के संज्ञानार्थ।
2. वैयक्तिक सहायक, कुलसचिव को कुलसचिव महोदय के सूचनार्थ।
3. वैयक्तिक सहायक, परीक्षा नियन्त्रक को परीक्षा नियन्त्रक महोदय के सूचनार्थ।
4. सम्बन्धित महाविद्यालयों / संस्थानों के प्राचार्य / प्राचार्या को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
5. सम्बन्धित छात्र / छात्राओं को इस आशय से कि सम्बन्धित महाविद्यालय / संस्थान से सम्पर्क कर अपने आन्तरिक परीक्षा के अंक अपलोड कराना सुनिश्चित करें।
6. प्रभारी, वेबसाईट को विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड किये जाने हेतु।
7. प्रेस प्रवक्ता, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को उक्त विज्ञप्ति समस्त राष्ट्रीय दैनिक समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशित करने हेतु।
8. निदेशक, सार इन्फोसिस्टम प्रा0लि0 को सूचनार्थ।

सहा0 कुलसचिव (गोप0)

D:/Office Puneet//Office Pad/1531